#Shahjahanpurpol

प्रेस नोट

सराहनीय कार्य दिनांक 31.08.23

थाना निगोही पुलिस व जनपदीय सर्विलान्स टीम के द्वारा थाना निगोही पर पंजीकृत मु0अ0सं0 456/2023 धारा 307/506 भादवि थाना निगोही शाहजहाँपुर के षडयंत्र का खुलासा करते हुए 01 नफर अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 307/211/195/120बी भादवि में गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक, जनपद शाहजहाँपुर के आदेशानुसार जनपद में अपराधों की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये गये अभियान के क्रम में श्री सुधीर जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, श्री अमित कुमार चौरसिया, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना निगोही पुलिस टीम व सर्विलान्स टीम शाहजहांपुर द्वारा थाना निगोही पर पंजीकृत मु0अ0सं0 456/23 धारा 307/506 भादवि की घटना के षडयंत्र का मात्र 60 घण्टो के अन्दर खुलासा किया गया। दिनांक 28.08.23 को वादी श्री जन्डैल सिंह पुत्र मेहरवान सिंह निवासी ग्राम शहजादपुर थाना-खुदागंज जनपद शाहजहांपुर के द्वारा लिखित तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर अपनें पुत्र कृष्णपाल को उसके ससुरालीजन 1. रामलखन पुत्र रामलड़ैते निवासी ग्राम नौरसिया थाना से0म0द0 जनपद शाहजहांपुर , 2.हरिओम पुत्र कप्तान सिंह, 3. किरन देवी पत्नी रामनरेश निवासीगण मोहल्ला गदियाना थाना सदर बाजार जिला शाहजहांपुर के द्वारा जान से मारनें की नीयत से गोली मारकर घायल कर देने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 456/2023 धारा 307/506 भादवि पंजीकृत कराया गया था, तफ्तीश के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आये कि मजरूब कृष्णपाल का अपनी पत्नी गोल्डी व ससुरालीजनों से विवाद चल रहा था। उसके ससुराल पक्ष द्वारा कृष्णपाल तथा उसके परिवार पर दहेज मांगने को लेकर मा0 न्यायालय शाहजहाँपुर में वाद दायर किया गया था व भरण पोषण के वाद चल रहे थे। एवं कृष्णपाल आदि के विरुद्ध अन्य मारपीट के मुकदमे 1. मु0अ0सं0 1078/22 धारा 323/324/452 भादवि 2. मु0अ0सं0 533/23 धारा 323/504/506 भादवि थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर में पंजीकृत कराये गये थे माननीय न्यायालय में चल रहे दहेज व घरेलू हिंसा आदि उपरोक्त मुकदमो में फैसले का दबाव बनानें के उद्देश्य से कृष्णपाल नें अपनें भाईयों विनोद व बब्लू के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से षडयन्त्र रचकर अपनें भाई विनोद से अपनें कन्धे में गोली मरवाकर अपनी सास किरन देवी पत्नी रामनरेश व उनके सहयोगी हरिओम पुत्र कप्तान तथा रामलखन पुत्र रामलड़ैते के विरूद्ध यह झूठा मुकदमा लिखवाया है। उक्त अभियोग में कृष्णपाल के द्वारा अपनें भाईयों विनोद व बब्लू से साथ मिलकर षडयन्त्र रचकर योजनाबद्ध तरीके से घटना बनाकर झूठा मुकदमा लिखाये जानें के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तगण 1. कृष्णपाल 2. विनोद व 3. बब्लु पुत्रगण जन्डैल सिंह निवासी गण ग्राम शहजादपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर के नाम प्रकाश में लाते हुए धारा 211/195/120बी भादवि की वृद्धि करते हुए धारा 506 भादवि का लोप किया गया तथा अभियुक्त विनोद पुत्र जन्डैल सिंह निवासी ग्राम शहजादपुर थाना- खुदागंज जनपद शाहजहांपुर को सिमरिया तिराहा से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद तमंचा 315 बोर मय नाल में फंसा 01 अदद खोखा कारतूस बरामद कर अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 307/211/195/120बी भादवि में जेल भेजा गया।

प्रकाश में आये अभियुक्त गण का नाम व पता

1. कृष्णपाल पुत्र जन्डैल सिंह निवासी गण ग्राम शहजादपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर
2. विनोद पुत्र जन्डैल सिंह निवासी गण ग्राम शहजादपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर
3. बब्लु पुत्र जन्डैल सिंह निवासी गण ग्राम शहजादपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर

गिरफ्तार किये गये अभियुक्त गण का नाम व पता

विनोद पुत्र जन्डैल सिंह निवासी गण ग्राम शहजादपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर

अभियुक्त विनोद का आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0सं0 456/2023 धारा 307/211/195/120बी भादवि व 3/25/27 शस्त्र अधिनियम थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर।

2.मु0अ0सं0 282/20 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर

3.मु0अ0सं0 1078/22 धारा 323/324/452 भादवि थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर ।

बरामदगी-

एक अदद तमंचा 315 बोर मय नाल में फंसा 01 अदद खोखा कारतूस बरामद

घटना का अनावरण करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक रीतेन्द्र प्रताप सिंह सर्विलान्स टीम शाहजहांपुर
2. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह थाना निगोही शाहजहांपुर
3. निरीक्षक अपराध श्री पुष्पेन्द्र सिंह थाना निगोही शाहजहांपुर
4. उ0नि0 चन्द्र शेखर थाना निगोही शाहजहांपुर
5. उ0नि0 मनोज कुमार थाना निगोही शाहजहांपुर
6. हे0का0 380 अजमेर सिंह थाना निगोही शाहजहांपुर
7. का0 प्रभात चौधरी सर्विलान्स टीम शाहजहांपुर
8. का0 मुकुल खोखर सर्विलान्स टीम शाहजहांपुर
9. का0 2572 रोहित रावत थाना निगोही शाहजहांपुर